बीएएनएस 184

# कला / विज्ञान / बहुविषयक स्नातक

# (जनरल एवं ऑनर्स)

## योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम

## सत्रीय–कार्य

## जुलाई 2025 एवं जनवरी 2026

## पाठ्यक्रम कोडः बीएएनएस 184

## बीएएनएस 184 सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान


सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदानगढ़ी,

नई दिल्ली–110068

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम संदर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 **अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय** कार्य **(टी.एम.ए.)** करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बीएएनएस—184: सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान** नामक योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) सम्मिलित है जो 4 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 2 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अधिभार है।

**सत्रीय कार्य- I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न (MCQ) और लघु श्रेणी के प्रश्न (SCQ) हैं। मध्य श्रेणी प्रश्नों के लिए आपको पहले तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा और फिर संक्षिप्त तरीके से उत्तर लिखना होगा। इनका प्रयोग अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की भिन्नता, तुलना और इसके विपरीत या स्पष्ट समझ के लिए आपकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए होता है। लघु श्रेणी के प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं या अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक / सटीक जानकारी को संक्षेप में याद करने के आपके कौशल को बेहतर बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम संदर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द—सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए।

याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका(प्रोग्राम गाइड) में उल्लेख किया गया है, आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निर्धारित समय के भीतर सभी हस्तलिखित असाइनमेंट (सत्रीय कार्य) जमा करने होंगें।

**पूर्ण किये गये असाइमेंट को जमा करना:**

| प्रवेश सत्र | जमा करने की अंतिम तिथी | जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2025 में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए | 30 अप्रैल 2026 | छात्र के शिक्षार्थी सहायता केंद्रके समन्वयक को । |
| जनवरी 2026 में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए | 30 सितंबर 2026 | |

अपना सत्रीय कार्य जमा करने के लिए अपने शिक्षार्थी सहायता केंद्र पर जाएँ और जमा किए गए सत्रीय कार्यों की रसीद प्राप्त करें और उसे अपने पास रखें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्यों की एक जिरॉक्स प्रति (फोटोकॉपी) अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, शिक्षार्थी सहायता केंद्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, शिक्षार्थी सहायता केंद्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेंगे। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

**1) योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रष्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2) संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुतिकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

**शुभकामनाएं !**

**मानवविज्ञान संकाय**

**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू, नई दिल्ली**

**BANS 184: सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान**

**(अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय–कार्य )**

**कोर्स कोड: BANS 184**

**सत्रीय–कार्य कोड: BANS 184/ASST/TMA/ जुलाई 2025–जनवरी 2026**

**कुल अंक: 100**

**सत्रीय–कार्य में दो अनुभाग हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**सत्रीय कार्य–I**

**निम्नलिखित में प्रत्येक के उत्तर 500 शब्दों में दें। 20x2= 40**

क. महामारी विज्ञान क्या है? अवलोकन संबंधी अध्ययनों की विभिन्न श्रेणियों की संक्षेप में जाँच करें।

ख. भारत में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ क्या हैं? चर्चा करें।

**सत्रीय कार्य–II**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 250 शब्दों में दीजिए। 10X3=30**

क. भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य का लेखा–जोखा दें।

ख. भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) की भूमिका पर संक्षेप में चर्चा करें।

ग. वैश्वीकरण और स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव ें।

**निम्नलिखित में प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। 5X6=30**

क. महामारी और सर्वव्यापी महामारी

ख. संक्रामक रोग

ग. यादृच्छिक नमूनाकरण

घ. पर्यावरणीय स्वास्थ्य

ङ. टी–टेस्ट

च. लिंग और स्वास्थ्य